○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में साढ़े 33 हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी।

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चूरू में गौरव सैनानी समारोह को संबोधित किया–राजस्थान की संस्कृति को वीरता की प्रेरणा देने वाला बताया।

○ महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देने तथा उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन।

○ मौसम विभाग ने 10 और 11 मार्च को राज्य के कुछ हिस्सों में हीटवेव चलने की संभावना जताई।

○ आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट वर्ल्ड कप की खिताबी जंग भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में लगभग साढ़े 33 हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को लगातार मजबूत और विस्तारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से आधारभूत ढांचा सशक्त होगा। इसके साथ ही सम्पर्क बढ़ने से लोगों का जीवन सुगम बनेगा।

000

प्रधानमंत्र श्री मोदी कल सबका साथ–सबका विकास : जनता की आकांक्षाओं को साकार करना विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस के अंतर्गत शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य तथा आयुष, पर्यटन और आतिथ्य सत्कार सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई सत्र आयोजित किए जाएंगे। बजट पश्चात् वेबिनार श्रृंखला के तहत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। इसमें एक विशेष सत्र में वृद्धावस्था और संबद्ध देखभाल सेवाओं को शामिल करते हुए इसके लिए मजबूत ईको–सिस्टम पर भी चर्चा की जाएगी।

000

पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक खाड़ी क्षेत्र से 52 हजार से अधिक भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाया जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ताज़ा घटनाक्रम पर लगातार नजर रखे हुए है।

000

भारतीय सेना की ओर से आज चूरू में गौरव सैनानी समारोह रखा गया। जिला खेल स्टेडियम में हुए इस समारोह में हजारों की संख्या में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और वीरांगनाओं ने शिरकत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति हमेशा वीरता की प्रेरणा देती है। शेखावाटी के वीरों ने राजस्थान का नाम अमर किया है। समारोह में मुख्यमंत्री ने चूरू के जिला खेल स्टेडियम का नाम लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के नाम पर किये जाने की घोषणा भी की। जनरल सगत सिंह ने 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में अदम्य साहस का परिचय दिया था।

000

सप्तशक्ति कमान के कमाण्डर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने कहा कि गौरव सैनानी समारोह आपसी जुड़ाव और जिम्मेदारी का प्रतीक है। समारोह के दौरान पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया और उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे गये।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि अवसर और सहयोग मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पीएम मुद्रा योजना और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है।

000

महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस अवसर पर कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के संकल्प, समर्पण और उपलब्धियों का उत्सव है। इससे पहले महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली में शक्ति वॉक रखा गया।

इधर, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन हनुमानगढ़ में रखा गया। धानमंडी में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने 1 हजार 8 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। वहीं उपमुख्यमंत्री और महिला बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने समारोह को संबोधित करते हुए महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

000

प्रदेशभर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अनेक कार्यक्रम हुए। अलवर, डूंगरपुर, चूरू, करौली, सिरोही तथा अन्य स्थानों पर महिला सम्मान समारोह रखे गये।

वहीं झुंझुनूं में आज से राजसखी राजीविका मेले की शुरूआत हुई। मेले में 110 अग्रणी महिलाओं को टैबलेट वितरित किये गये। इधर, पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने वीडियो संदेश में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए राजस्थान पुलिस प्रतिबद्ध है।

000

मौसम विभाग ने 10 और 11 मार्च को राज्य के कुछ हिस्सों में हीटवेव चलने की संभावना जताई है। खासतौर पर पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में हीटवेव की आशंका है। अगले दो तीन दिनों में तापमान में 2–3 डिग्री सेल्स्यिस की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कई जिलों में सूरज की तपिश बढ़ गई है और गर्म हवाएं भी चलने लगी हैं। साथ ही पारा 39 डिग्री के करीब पहुंच गया है।

000

बाड़मेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर और जोधपुर में झुलसाने वाली गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। पाली, चित्तौड़गढ़, सलूम्बर, चूरू, उदयपुर, अजमेर और कोटा में भी गर्मी का असर तेज़ हो गया है। राजधानी जयपुर में भी पिछले दो तीन दिनों में पारे में उछाल दर्ज किया गया है। दिन के समय बढ़ते तापमान का असर बाजारों में भी नजर आने लगा है। हालांकि दिन में तेज गर्मी के बावजूद रात के समय लोगों को फिलहाल राहत मिल रही है। अधिकतर स्थानों पर रात का पारा 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।

000

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला आज भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच होगा। ये खिताबी जंग अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में अब से कुछ देर में शुरू होगी। 29 दिन 54 मैच और कई रोमांचक मुकाबलों के बाद आज टी–ट्वेंटी विश्व कप का कारवां अपने अंतिम पड़ाव पर है। मैच को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। दोनों टीमें टी–ट्वेंटी फाइनल मुकाबले में पहली बार भिड़ेंगी। सूर्य कुमार यादव की कप्तानी वाली टीम इंडिया खिताब बरकरार रखने और जीत हासिल कर इतिहास रचने के इरादे से

मैदान में उतरेगी। वहीं मिचल सेंटनर की अगुवाई में कीवी टीम टी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप खिताब जीतने के मकसद से मुकाबला करेगी।

000

नागौर जिले में बापोड़–बासनी रोड पर आज सुबह एक मिनी बस पलटने से 15 लोग घायल हो गए। ये शादी समारोह में शामिल होने के लिए बापोड़ से नागौर जा रहे थे। हादसा अचानक सड़क पर आए एक आवारा पशु को बचाने के प्रयास में हुआ। घायलों को बासनी और नागौर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इधर, जयपुर के बस्सी इलाके में बीती रात एक शादी समारोह के लिए जा रहे लोगों के समूह के बीच एक बेकाबू कार घुस गई, जिससे 16 लोग घायल हो गए। इनमें से 7 घायलों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

000